# चूरू में शॉर्ट सर्किट से रजाई-गद्दे की दुकान में भीषण आग लगी

## आग से 15 लाख रुपए का नुकसान हुआ, बाइक भी जली

**चूरू,** (निसं)। शहर के धर्म स्तूप के पास बिसाऊ मोड़ स्थित रजाई-गद्दे की दुकान में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि दुकान में रखा सामान इसकी चपेट में आ गया। हादसे में दुकान में रखे रजाई-गद्दे सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। वहीं दुकान के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल भी आग की चपेट में

- **दुकानदार ने बताया कि वर्ष 2025 में ही दुकान शुरू की थी,आगजनी की घटना से सब कुछ बर्बाद हो गया**



आग से दुकान में रखे रजाई-गद्दे सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया।

आकर पूरी तरह जलकर राख हो गई।

नीमकाथाना निवासी दुकानदार जावेद खान ने बताया कि दोपहर करीब 1.40 बजे अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग से करीब 15 लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में ही दुकान शुरू की थी। अभी सर्दी का सीजन शुरू हुआ था और कारोबार की उम्मीदें थीं, लेकिन आगजनी की घटना से सब कुछ बर्बाद हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग लगने की सूचना के बाद करीब आधे घंटे बाद दमकल मौके पर पहुंची। दो दमकलों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन आग पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। दुकान में रखा आग बुझाने वाला यंत्र भी काम नहीं आया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।

सूचना पर पुलिस जाब्ता भी मौके पर पहुंचा और स्थिति को संभाला। आग का कारण शॉर्ट सर्किट की आशंका बताया जा रहा है। वहीं रजाई-गद्दे की दुकान के पास में ही मिठाई और टेलर की दुकान है। उनमें भी कुछ नुकसान हुआ है।

# तीन साल में भी पूरा नहीं हुआ सरमथुरा कस्बे के रोडवेज बस स्टैंड का निर्माण

## निर्माण कार्य की धीमी गति को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है

**सरमथुरा,** (निसं)। देश-विदेश में अपने पत्थर व्यवसाय के लिए पहचान रखने वाले सरमथुरा कस्बे में रोडवेज बस स्टैंड का निर्माण यात्रियों के लिए सुविधा बनने के बजाय परेशानी का सबब बना हुआ है। करीब तीन-चार साल से चल रहा निर्माण कार्य अब तक पूरा नहीं हो पाया है। निर्माण की धीमी गति को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। हालात यह हैं कि यात्रियों को आज भी सड़क किनारे खड़े होकर रोडवेज बसों का इंतजार करना पड़ता है। ऐसे में हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

- **हालात यह हैं कि यात्रियों को आज भी सड़क किनारे खड़े होकर रोडवेज बसों का इंतजार करना पड़ता है**
- **लोगों ने जिला प्रशासन से निर्माण कार्य की समीक्षा कर समयसीमा निर्धारित करने और बस स्टैंड को जल्द शुरू कराने की मांग की**

गौरतलब है कि सरमथुरा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग नौकरी, शिक्षा, चिकित्सा और व्यापारिक कार्यों के लिए रोडवेज बसों से सफर करते हैं, लेकिन बस स्टैंड का निर्माण अधूरा होने से यात्रियों को बैठने, छाया, पेयजल और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। गर्मी में तेज धूप और लू के बीच तो बरसात में बारिश में भीगकर यात्रियों को बसों का इंतजार करना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों को उठानी पड़ रही है।

समाजसेवी सपना गोयल ने कहा कि सार्वजनिक परिवहन से प्रतिदिन सफर करने वाले यात्रियों को सुविधाजनक और सुरक्षित स्थान मिलना जरूरी है। बस स्टैंड का निर्माण जल्द पूरा होना चाहिए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। वहीं समाजसेवी रवि गर्ग ने कहा कि तीन-चार साल का समय बीतने के बाद भी बस स्टैंड तैयार नहीं होना जिम्मेदारों की कार्यशैली पर सवाल खड़े करता है। नवनीत गोयल ने कहा कि बसों के रुकने का निर्धारित स्थान नहीं होने से सड़क पर अव्यवस्था बनी रहती है और यात्रियों की जान जोखिम में रहती है।

स्थानीय लोगों के अनुसार बसों के लिए निर्धारित स्थान नहीं होने से चालक सड़क किनारे ही बसें रोकते हैं। इससे यातायात प्रभावित होता है। बस में चढ़ने और उतरने के दौरान यात्रियों को तेज रफ्तार वाहनों के बीच से गुजरना पड़ता है। शाम के समय महिलाओं और छात्राओं को सड़क किनारे बसों का इंतजार करने में असुरक्षा महसूस होती है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि बस स्टैंड निर्माण पूरा कराने की मांग कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के सामने उठाई जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया। लोगों ने जिला प्रशासन से निर्माण कार्य की समीक्षा कर समयसीमा निर्धारित करने और बस स्टैंड को जल्द शुरू कराने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि अब भी निर्माण कार्य में तेजी नहीं लाई गई तो क्षेत्रवासी आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# छबड़ा विद्युतगृह का 2320 मेगावाट विद्युत उत्पादन करते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**जयपुर/छबड़ा,** (निसं)। राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के छबड़ा स्थित 1000 मेगावाट क्षमता के सब क्रिटिकल एवं 1320 मेगावाट क्षमता के सुपर क्रिटिकल पावर प्लांटों से संयुक्त रूप से गुरूवार 26 नवम्बर को अपनी पूर्ण क्षमता पर विद्युत उत्पादन करते हुए 2320 मेगावाट का ऐतिहासिक आंकड़ा हासिल किया। यह दोनों प्लांटों की कमीशनिंग के बाद से अब तक का सर्वश्रेष्ठ विद्युत उत्पादन है।

- **दोनों विद्युतगृहों से संयुक्त रूप से कमीशनिंग के बाद सर्वाधिक विद्युत उत्पादन है**

उल्लेखनीय है कि कमीशनिंग के बाद से ही छबड़ा सुपर क्रिटिकल इकाइयों में कुछ तकनीकी समस्याएं बनी हुई थीं, जिनके कारण इनका पूर्ण क्षमता से संचालन प्रभावित हो रहा था। उत्पादन निगम के प्रबन्धन के निर्देशानुसार अभियंताओं ने निरंतर प्रयास करते हुए इन तकनीकी खामियों को दूर किया एवं आवश्यक सुधार कर इकाइयों की कार्यक्षमता एवं विश्वसनीयता को बेहतर बनाया। इन समन्वित प्रयासों का परिणाम है कि आज दोनों प्लांटों ने संयुक्त रूप से कमीशनिंग के बाद अब तक का सर्वाधिक 2320 मेगावाट विद्युत उत्पादन किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि से उत्पादन निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई।

इस अवसर पर राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक देवेंद्र श्रृंगी ने छबड़ा विद्युतगृह की पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर एवं ऊर्जा सचिव आरती डोगरा के मार्गदर्शन एवं सहयोग तथा उत्पादन निगम के अधिकारियों, अभियंताओं एवं कर्मचारियों के अथक परिश्रम, समर्पण और टीम भावना से यह उपलब्धि संभव हो पाई है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि इसी प्रकार तकनीकी दक्षता, बेहतर परिचालन एवं सामूहिक प्रयासों के माध्यम से उत्पादन निगम भविष्य में भी उपलब्धियां हासिल करता रहेगा।

# मनोहरपुर : ससुराल में मारपीट के बाद विवाहिता की मौत का आरोप

## एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए, पुलिस ने जांच शुरू की

**मनोहरपुर,** (निसं)। थाना क्षेत्र के सुराणा गांव में विवाहिता अंजली की मौत के मामले में उसके भाई रोहित बिडावत ने ससुराल पक्ष पर मारपीट करने सहित गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए।

- **सुराणा गांव में विवाहिता अंजली की मौत के मामले में उसके भाई ने ससुराल पक्ष पर मारपीट करने सहित गंभीर आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई**

एफआईआर में शिकायतकर्ता रोहित बिडावत निवासी रेलवे स्टेशन खादी बाग, चौमूं ने बताया कि 25 नवंबर की शाम करीब सात बजे उसकी बहन अंजली ने फोन कर ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा उसके साथ मारपीट किए जाने की जानकारी दी। रिपोर्ट में सास हीरा देवी, ससुर रमेश, पति महेंद्र, देवर सागर, ननद आशा देवी, मंजू, पूनम, अंजू तथा ननदोई विक्रम, सुभाष, रवि और बादल सहित अन्य परिजनों पर मारपीट के आरोप लगाए गए हैं।

एफआईआर के अनुसार, सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और अंजली को मनोहरपुर स्थित मेमोरियल हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। वहीं शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि अंजली के साथ ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा पूर्व में भी गाली-गलौज और मारपीट की जाती थी। रिपोर्ट के मुताबिक अंजली का विवाह 16 फरवरी 2023 को सुराणा निवासी महेंद्र मालावत पुत्र रमेश मालावत के साथ हुआ था। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया। टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए, ताकि मामले से जुड़े तथ्यों की वैज्ञानिक तरीके से जांच की जा सके। मामले की जांच आरपीएस लक्ष्मीनारायण, सीओ शाहपुरा के स्तर पर है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट, मेडिकल रिपोर्ट, एफएसएल जांच और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच आगे बढ़ा रही है। वहीं फिलहाल एफआईआर में लगाए गए आरोपों की पुलिस जांच कर रही है। मामले में वास्तविक घटनाक्रम और मौत के कारण की स्थिति जांच पूरी होने तथा मेडिकल व अन्य साक्ष्यों के आधार पर ही स्पष्ट होगी।

# स्लीपर बस से 37 कार्टन शराब जब्त, चालक गिरफ्तार

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिले के बिछीवाडा में पुलिस ने उदयपुर से मुंबई जा रही स्लीपर बस से अंग्रेजी शराब और बीयर के 37 कार्टन जब्त किए। शराब की कीमत 6 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने बस ड्राइवर को गिरफ्तार किया है।

बिछीवाडा थाने के प्रभारी देवेंद्र देवल ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि ऋषभ ईगल कंपनी की स्लीपर बस की डिग्गी में शराब के कार्टन रखे हैं। इसके बाद पुलिस टीम ने एनएच-48 पर मैत्री हॉस्पीटल के सामने नाकाबंदी की। पुलिस ने बस रुकवाकर ड्राइवर से पूछताछ की। उसने अपना नाम शैलेंद्रसिंह पुत्र उदयसिंह चुंडावत, निवासी जसवंतपुरा, थाना कानोड, जिला उदयपुर बताया। बस की डिग्गी में सफेद कट्टों की जांच करने पर शराब और बीयर के 37 कार्टन मिले। कार्टन पर फॉर सेल ओनली इन राजस्थान लिखा था। यात्रियों और उनके सामान की तलाशी में कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली। पुलिस ने शराब के साथ तस्करी में इस्तेमाल बस भी जब्त की है। तस्करी के नेटवर्क की जांच जारी है। खबर में बिछीवाडा थाने के सीआई देवेंद्र देवल का बयान भी शामिल है।

## कार बाजार में चोरी

**भीलवाड़ा,** (निसं)। सुभाष नगर थाना क्षेत्र स्थित सुखाड़िया सर्किल के पास वेलकम और माही कार बाजार में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर यहां से 18 बैटरियां और तांबे, केबल के तार ले गए। पीड़ितों द्वारा सुभाष नगर थाना पुलिस को दी गई रिपोर्ट के अनुसार, गत रात्रि अज्ञात चोर कार बाजार में घुसे और गेट व अलमारी तोड़कर भीतर रखा सामान समेट ले गए। घटना की जानकारी मिलने पर प्रार्थी शान, जाकिर और गजानंद शर्मा ने थाने पहुंचकर थानाधिकारी को शिकायत सौंपी।

# हिस्ट्रीशीटर के दो बीघा चारागाह भूमि पर बने अवैध मकान व बाड़े को तोड़ा

**कोटा,** (निसं)। ग्रामीण इलाको में लगातार अपराध में संलिप्त रहने वाले अपराधियों व उनकी अवैध सम्पति पर कड़ा प्रहार जारी है। देवलीमांझी क्षेत्र में स्थित हिस्ट्रीशीटर देवेन्द्र गुर्जर के अवैध अतिक्रमण पर ग्रामीण पुलिस व प्रशासन ने कार्यवाही करते हुए 2 बीघा चारागाह भूमि पर बने अवैध मकान व बाड़े को तहसीलदार, कनवास व प्रशासन से नोटिस जारी करवाई जाकर नियमानुसार ध्वस्त करने की कार्यवाही की गई।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि देवलीमांझी में हिस्ट्रीशीटर देवेन्द्र गुर्जर के खिलाफ 11 मुकदमे दर्ज हैं। वह लंबे समय से अवैध गतिविधियों में संलग्न रहा है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर ने 2 बीघा चारागाह भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा था, जिसमें बाड़ा व घर था। ग्रामीण एसपी ने बताया कि चारागाह भूमि पर बने अवैध मकान व बाड़े की राजस्व टीम से जांच करवाई गई जो अवैध कार्यों से अतिक्रमण कर अवैध रूप से बनाये गये थे, जिनको तहसीलदार कनवास व प्रशासन के साथ मिलकर नोटिस जारी करवाये जाकर, नियमानुसार ध्वस्त कर खाली करवाने की कार्यवाही की गई। ध्वस्त किए गए मकान की अनुमानित कीमत 40 लाख रुपए है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि अपराधी हिस्ट्रीशीटर देवेन्द्र गुर्जर के खिलाफ मारपीट, रोड जाम, व अन्य अपराधों में एक दर्जन के करीब मुकदमें दर्ज है।

## सीकर जिले में युवती और महिला लापता

**सीकर,** (निसं)। सीकर जिले में 20 साल की युवती और 24 साल की महिला के लापता होने का मामला सामने आया है। दोनों ही रात के समय घर से बिना बताए कहीं पर चली गई। अब परिवार और पुलिस दोनों की तलाश कर रहा है।

पहले मामले में 20 साल की युवती के लापता होने के केस में उसके पिता ने पुलिस में शिकायत देकर बताया कि 23 नवंबर की रात बेटी घर में ही सोई थी। जब सुबह जागे तो बेटी नहीं मिली। इसके बाद उसकी आसपास में काफी तलाश की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। अंदेशा है कि गांव का ही रहने वाला युवक उसे अपने साथ लेकर चला गया। दूसरे मामले में 24 साल की महिला के लापता होने के केस में उसके पति ने पुलिस में शिकायत देकर बताया कि 24 नवंबर की रात उनकी पत्नी घर से बिना बताए कहीं चली गई। उसकी काफी तलाश की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया।

# सेल्समैन ने शराब की पेटी नहीं दी तो युवकों ने धमकाया

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के सूंथला चुंगी नाका के पास में शराब ठेके पर युवकों ने जमकर उत्पात मचाया। युवकों ने सेल्समैन से शराब की पेटी मांगी। सेल्समैन ने जब उसे शराब की पेटी देने से इंकार किया तो उसे पिस्टल दिखाकर धमकाया गया। आरोपियों ने ठेके पर पेट्रोल डालकर उसे जलाने का प्रयास भी किया। बाद में आग को बुझा दिया गया। हरकत में आई पुलिस ने दो आरोपियों को फिलहाल शांतिभंग में पकड़ा है। उनके साथियों की तलाश जारी है। केस में फिलहाल गिरफ्तारी बाकी है।

- **आरोपियों ने ठेके पर पेट्रोल डालकर उसे जलाने का प्रयास भी किया**

प्रतापनगर पुलिस के अनुसार मूलत: खातियासनी डांगियावास हाल शराब ठेका सेल्समैन सूंथला चुंगी नाका छठां पुलिया के महेंद्र पुत्र मालाराम जाट की तरफ से मामला दर्ज कराया गया है। इसमें बताया कि वह 24 नवंबर की रात को अपने ठेके पर बैठा था। इतने में गाड़ियों पर सवार होकर आए आदिल, फैयाज, विशाल आदि ने शराब की एक पेटी की मांग की। आरोपियों को शराब की पेटी देने से इंकार किया तो उन्होंने पिस्टल दिखाकर उसे जान के लिए धमकाया। इससे वहां पर हंगामा हो गया। आसपास के लोग भी एकत्र हो गए। आरोपियों ने जाते हुए वहां पेट्रोल से ठेके को आग लगाकर जलाने का प्रयास किया। बाद में आग को बुझाया गया। प्रतापनगर पुलिस के अनुसार इधर सूचना मिलने पर वहां पहुंची तब तक आरोपी भाग गए, जिनकी पहचान की गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दो आरोपियों एलएल कॉलोनी ईदगाह पांचवीं रोड निवासी विशाल, फैयाज को फिलहाल शांतिभंग में गिरफ्तार किया है।

## नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी

**उदयपुर,** (कासं)। विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर पीड़िता से नकदी हड़पने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित लाजवंती पत्नी घनश्याम लक्षकार निवासी जयश्रीनगर गुप्तेश्वर महादेव रोड़ तीतरड़ी ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि इस्टाग्राम पर विदेश भेजने के विज्ञापन को देख दिए गए नंबरों पर संपर्क कर बातचीत की तो आरोपी गणेश प्रजापत ने 17 नवंबर को अलग-अलग कार्य के लिए मुझसे 1 लाख 50 हजार रूपये वसूल लिए। कुछ समय बाद संपर्क किया तो मोबाईल स्वीच आफ था।

## जेवरात व नकदी चोरी

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के सविना थाना क्षेत्र में सूने मकान का चोर ताला तोड़कर नकदी व जेवरात चुरा ले गए।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित औंकार जैन पुत्र सोहनलाल जैन निवासी बी क्लास सेक्टर 14 इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि गत दिनों में बाहर ग3ाया था। इस दौरान 23 नवंबर को अज्ञात चोर मेरे मकान का ताला तोड़कर सोने का मंगलसूत्र, अंगूठी, ब्रासलेट, चूड़ियां, चांदी के जेवरात चुरा ले गए। इसका पता चलने पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। पुलिस ने मामले को लेकर जांच शुरु कर दी है।

# सादुलपुर के वार्ड 38 में बदहाल सड़क से आमजन परेशान

**सादुलपुर,** (निसं)। सादुलपुर के वार्ड नंबर 38 में सड़क की बदहाल स्थिति और पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से वार्डवासियों सहित राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड का सारा पानी बहकर मुख्य सड़क पर पहुंच रहा है, जिसके चलते सड़क पर हमेशा पानी भरा रहता है। यह समस्या पिछले कई वर्षों से बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से आज तक इसका स्थायी समाधान नहीं किया गया।

- **यह समस्या पिछले कई वर्षों से बनी हुई है, कई बार शिकायत के बावजूद नहीं हुआ समाधान**

जानकारी के अनुसार मुख्य सड़क पर पानी जमा होने के कारण बाइक सवारों, पैदल राहगीरों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन स्कूलों की बसें भी इसी रास्ते से गुजरती हैं तथा छोटे-छोटे बच्चे पैदल स्कूल जाते हैं। सड़क पर जमा पानी और कीचड़ के कारण बच्चों के कपड़े खराब हो जाते हैं। वहीं दोपहिया वाहन चालकों के फिसलकर गिरने का खतरा भी बना रहता है। स्थानीय लोगों के अनुसार दिन के समय तो किसी तरह लोग इस समस्या से गुजरकर अपना रास्ता निकाल लेते हैं, लेकिन रात के अंधेरे में सड़क पर जमा पानी दिखाई नहीं देने के कारण दुर्घटनाओं की आशंका और बढ़ जाती है। कई बार वाहन चालक और राहगीर हादसों का शिकार होने से बाल-बाल बचते हैं। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि इस गंभीर समस्या को लेकर स्थानीय लोगों द्वारा प्रशासन को कई बार शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने समस्या की सुध लेना उचित नहीं समझा। वर्षों से वार्डवासी इस परेशानी को झेलने को मजबूर हैं। अब वार्डवासियों ने प्रशासन एवं नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों से मांग की है कि मौके का निरीक्षण करवाकर पानी की निकासी के लिए स्थायी व्यवस्था की जाए तथा सड़क की मरम्मत करवाकर आमजन को इस गंभीर समस्या से राहत दिलाई जाए।



मुख्य सड़क पर जमा हो रहे वार्ड के गंदे पानी से लोगों व वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# बोरवाड़ा की हरियाली फल मंडी में प्रतिदिन 50 से 60 टन अनार की आवक

## गुणवत्ता के आधार पर अनार के 5 से 250 रुपए किलो तक मिल रहे हैं भाव

**सायला,** (निसं)। सायला क्षेत्र में उत्पादित अनार की मांग अब देश के विभिन्न राज्यों के साथ विदेशों तक पहुंच रही है। क्षेत्र के किसानों की मेहनत से तैयार अनार दिल्ली, लखनऊ, हरियाणा सहित देश के कई बड़े बाजारों में भेजे जा रहे हैं। वहीं विदेशों में भी सायला क्षेत्र के अनार अपनी गुणवत्ता और रंग के चलते पहचान बना रहे हैं। बोरवाडा स्थित हरियाली फल मार्केट इन दिनों अनार के कारोबार का प्रमुख केंद्र बनी हुई है, जहां प्रतिदिन करीब 50 से 60 टन अनार की आवक हो रही है।



फाइल फोटो

जानकारी के अनुसार दीपावली के बाद अनार की आवक शुरू हो जाती है, जो फरवरी-मार्च तक जारी रहती है। इस दौरान सायला, बागोडा और भीनमाल क्षेत्र के किसान बड़ी मात्रा में अनार लेकर मंडी पहुंचते हैं। मंडी में अनार की कीमत उसकी गुणवत्ता, आकार, रंग और चमक के आधार पर तय होती है। विशेष रूप से बड़े आकार और गहरे सिंदूरी रंग वाले अनार को अधिक भाव मिलते हैं। अच्छी गुणवत्ता के अनार की कीमत 250 रुपए प्रति किलो तक पहुंच जाती है, जबकि सामान्य गुणवत्ता के अनार 50 रुपए प्रति किलो के आसपास बिकते हैं।

- **सायला, बागोडा और भीनमाल क्षेत्र के किसान बड़ी मात्रा में अनार लेकर मंडी पहुंचते हैं**

**खराब और फटे अनार की भी होती है खरीद :-** अनार की खेती करने वाले किसानों के लिए मंडी की खास बात यह है कि यहां हर तरह के अनार की खरीद की जाती है। अच्छी गुणवत्ता के अनार के साथ खराब, छोटे और फटे हुए अनार भी खरीदे जाते हैं। ऐसे अनार की कीमत पांच रुपए प्रति किलो से शुरू होती है। इससे किसानों को अपनी पूरी उपज बेचने का अवसर मिलता है और खराब गुणवत्ता वाले अनार भी खेत में या घर पर बेकार नहीं रहते। किसानों को फसल की गुणवत्ता के अनुसार कम या ज्यादा भाव मिल जाता है।

**किसानों के बैंक खाते में होता है भुगतान :-** श्री अर्बुदा फल मार्केट के संचालक ईश्वरभाई ने बताया कि मंडी में सभी प्रकार के अनार की खरीद की जाती है। चाहे अनार उच्च गुणवत्ता का हो या खराब और फटा हुआ, हर तरह की उपज को खरीदा जाता है। इससे किसानों को अपनी फसल बेचने में सुविधा मिलती है। उन्होंने बताया कि किसानों को भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में किया जाता है, ताकि लेनदेन में पारदर्शिता बनी रहे और भुगतान को लेकर किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। मंडी में प्रतिदिन बड़ी मात्रा में अनार की आवक होने से क्षेत्र के किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध हो रहा है।